कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)

email – deogaurellapendramarwahi1@gmail.com

क्र./ 4341 /परीक्षा/2021 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 16/03/2021

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शासकीय / अशासकीय हाई / हायर सेकेण्डरी स्कूल ,
जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही छ.ग.

विषयः– कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षायें स्थानीय स्तर पर आयोजित किये जाने के संबंध में।

संदर्भः– 1. सचिव छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर का पत्र क्रमांक 2021 रायपुर दिनांक 29.01.2021।

2- परीक्षा नियंत्रक, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का पत्र क्र CBSE / COORD / 2021 दिनांक 11 / 02 / 2021।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2020–21 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षायें स्थानीय स्तर पर आयोजित की जानी है। परीक्षा आयोजित करने के संबंध में CBSE/CGBSE ने भी निर्देश जारी किए है। वर्तमान में कोविड–19 महामारी संक्रमण पुनः बढ़ रहा है जिसे ध्यान में रखते हुए निम्नानुसार मार्गदर्शन दिया जा रहा हैः–

1. वर्तमान में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने के कारण उपरोक्त संदर्भित पत्र क्र. 01 एवं 02 को ध्यान में रखते हुए यथासंभव ऑनलाईन 9वीं एवं 11वीं वर्ष 2021 की परीक्षायें आयोजित की जावें। यदि विद्यार्थी / पालक के पास ऑनलाईन परीक्षा देने हेतु संसाधन (एन्ड्राईड फोन) उपलब्ध नहीं है जिसके कारण वे ऑनलाईन परीक्षा देने हेतु असमर्थता व्यक्त करते है, तो उनसे विकल्प लेकर ऑफलाईन परीक्षा आयोजित किया जावे।
2. परीक्षा आयोजन करते समय केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये कोरोना महामारी संक्रमण के बचाव हेतु सभी निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)

पृ. क्र./ 4342 /परीक्षा/2021 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर को सार सूचनार्थ संप्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित ।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ.ग.)